# कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स में वित्तीय रेटिंग पर विशेष सत्र

**कोलकाता.** कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स ने फाइनेंसिंग में रेटिंग एजेंसियों की भूमिका विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया. कार्यक्रम में ट्रांसयूनियन सिबिल के चेयरमैन वी अनंथारमन मुख्य वक्ता रहे. उनके साथ कलकत्ता डिबेटिंग सर्किल के मैनेजिंग ट्रस्टी प्रदीप गुप्तू ने भी अपने विचार साझा किये. इस अवसर पर चेंबर के अध्यक्ष अनंत सहारिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग झुनझुनवाला और उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल भी उपस्थित थे. सत्र के दौरान वी अनंथारमन ने वित्तीय सशक्तिकरण और क्रेडिट स्कोर के महत्व पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने कहा कि वित्तीय सशक्तीकरण के वर्तमान दौर में यह समझना जरूरी है कि सिबिल स्कोर हमारे आर्थिक भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. उन्होंने जोर देकर कहा कि समय पर इएमआइ का भुगतान, क्रेडिट लिमिट का सीमित उपयोग और डिफॉल्ट से बचना जैसे कदम किसी भी व्यक्ति के वित्तीय प्रोफाइल को मजबूत बनाते हैं. चेंबर द्वारा आयोजित यह सत्र वित्तीय जागरूकता और क्रेडिट अनुशासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है.